झूला झूले रे बजरंगी हनुमान।
झुलावे माता अंजना ॥

चेत सुदी पूनम मंगल का जन्म वीर ने पाया,
तेज प्रताप मुख मंडल ओर नाम मारुती पाया।

माता मन हरसाये रे... देखे हनुमान,
झुलावे माता अंजना ॥

झूला झूले रे बजरंगी हनुमान।
झुलावे माता अंजना ॥

देख बलैया हनुमान का बार बार मुख चूमे,
गोद उठाये माता अंजना अंग नैया में घूमे।

खेले होठों पे.... जो मोहनी मुस्कान,
झुलावे माता अंजना ॥

झूला झूले रे बजरंगी हनुमान।
झुलावे माता अंजना ॥

पहले अनुसूया घर झूले अब मिला फिर अवसर,
आज अंजनी माँ के घर पलने में शिव शंकर।

माँ की ममता में.... बसे रे भगवान,
झुलावे माता अंजना ॥

झूला झूले रे बजरंगी हनुमान।
झुलावे माता अंजना ॥

आज अजन्मा जगत में जन्मा अजब निराली माया,
प्रातः की लाली ले के सवेरा इस धरती पर आया।

मंगलकारी रे.... बलकारी हनुमान,
झुलावे माता अंजना ॥

झूला झूले रे बजरंगी हनुमान।
झुलावे माता अंजना ॥

सालासर का बजरंग बाला भक्तों का रखवाला,
भक्तों ऐसा ना देखा दूजा वीर निराला।

करूँ बेधड़क..... बालाजी का गुणगान,
झुलावे माता अंजना ॥

झूला झूले रे बजरंगी हनुमान।
झुलावे माता अंजना ॥

अंजनी माँ का लाला है ये देव बड़ा मतवाला,
सालासर में आप विराजै है भक्तों का रखवाला।

भक्त पुकारे रे.... आजा रे हनुमान,
झुलावे माता अंजना ॥

झूला झूले रे बजरंगी हनुमान।
झुलावे माता अंजना ॥